कोलकाता की कंपनी इजरायल में बिछाएगी रेल पटरी

एडवेंट्ज समूह के सरोज पोद्दार, अधिकारी व लेसिको समूह के पदाधिकारी।

लेसिको के साथ 2 अरब डॉलर का करार

सन्मार्ग संवाददाता, कोलकाता: कोलकाता की कंपनी इजरायल में तेल अवीव और यरूशलम में लाइट रेल ट्रांजिट (एलआरटी) परियोजनाओं के लिए पटरियां बिछाएगी और अपनी विशेषज्ञता सेवाएं देगी। यह कंपनी है एडवेंट्ज समूह की टेक्समैको। इसके लिए एडवेंट्ज समूह ने इजरायली कंपनी लेसिको ग्रुप के साथ 2 अरब डॉलर का करार किया है। यह घोषणा ऐसे समय पर की गई है जब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय राजनीतिक और व्यावसायिक प्रतिनिधिमंडल इजरायल के दौरे पर है। यह किसी भारतीय समूह का वहां पहला करार है।

ये सेवाएं देगी टेक्समैको

करार के तहत टेक्समैको लाइट रेल ट्रांजिट (एलआरटी) परियोजनाओं के लिए पटरियां बिछाने, सिग्नल लगाने, विद्युतीकरण, विद्युत उप-केंद्र और कमांड, नियंत्रण एवं संचार उपकरण आदि विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देगी। ऐडवेंट्ज ग्रुप के अध्यक्ष सरोज कुमार पोद्दार ने कहा - 'इस करार से भारत और इजरायल के लिए आपसी सहयोग से आम हित के विभिन्न कार्यों को पूरा करना, सुअवसर बढ़ाना और आर्थिक विकास करना आसान होगा। भारत की कम्पनियां देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी परचम लहरा सकती हैं। '

भावी पीढ़ी के लिए निर्माण

लेसिको ग्रुप के सह-संस्थापक और अध्यक्ष जेचील लेशमैन के मुताबिक 'तेल अवीव मेट्रोपॉलिटन एरिया मास-ट्रांजिट सिस्टम की सफलता बहुत महत्वपूर्ण है। इससे हर नागरिक का दैनिक जीवन जुड़ा होगा। टेक्समैको-लेसिको सहमति करार का महत्व हमारी संयुक्त क्षमताओं की सीमा से बढ़कर है। हम भावी पीढ़ी के लिए यह निर्माण कर रहे हैं।